CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ अथ ॥

आपदुद्धारक

बटुक भैरव स्तोत्रम्

(भाषा टीका सहितम्)

प्रकाशक :

पं० गोपाल दत्त जोशी

पुस्तक विक्रेता चौक बाजार, अल्मोड़ा (उत्तरांचल)

सन् २००१ ई०

मूल्य : २० रुपये

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पूजा-पाठ व ज्योतिष पुस्तकों के लिए
नाथ पुस्तक भण्डार
194, दरीबा कलां, दिल्ली-6, दूरभाष 3275344

अथ भैरव पूजन बिधि

श्री गणेशाय नमः ॥ तत्रादौ स्वस्तिवाचनं सुमुखश्चैकदन्तश्चेति गणेशं नत्वा । अर्घ संस्थाप्य प्राणायामं कृत्वा । सूर्ययार्घ्यं दत्वा । भूतोतसादनं कृत्वा । पुनरर्घं संस्थाप्य । गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती । नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन्सन्निधिं कुरु ॥ गन्धपुष्पाक्षतादि तूष्णीं निक्षिप्य अर्घपात्रं सुसम्पन्नं सम्पन्नमस्तु, तेन जलेनात्मानं सर्वां पूजा सामग्रीं सम्प्रोक्ष प्राणायायंकृत्वा पुंडरीकाक्षाय नमः ३॥ ॐ विष्णु३ देशकालौ स्मृत्वा अमुकगोत्रोत्पन्नः अमुकराशिअमुकशर्माऽहं श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफलावाप्तये मनोवांछितफल प्राप्त्यर्थं श्रीमदापदुद्धारवटुकभैरवप्रीत्यर्थम् । अस्यां

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मूर्तौप्रतिष्ठावाहनपूर्वक बटुकभैरवस्य यथामिलितौपचारैः पूजनं करिष्ये ॥ भैरवप्रतिमां, अग्रे संस्थाप्य, अक्षतै एतन्तेति मंत्रेण प्रतिष्ठां कुर्यात्– ॐ भूर्भुवः स्वः अस्यां मूर्तौ बटुक भैरव इहागच्छेह तिष्ठ सुप्रतिष्ठितो वरदो भव । अथ प्राण प्रतिष्ठा । ॐ आं ह्रीं क्रौं यं रं लं वं शं षं सं हं सः सोहं श्री वटुक भैरवस्य प्राणा इहागत्य इह सुखं चिरं तिष्ठन्तु आँ ह्रीं श्री भै० जीव इह स्थित आँ ह्रीं भै० वाङ्मनश्चक्षुः श्रोत्रघ्राणाः सर्वेन्द्रियाणि
२ इहागत्य इह सुखं चिरं तिष्ठन्तु ॥ इति प्राणप्रतिष्ठा ॥ पूर्वे असित भैरवाय नमः । प्राच्यां मां रक्ष २ मम कालकण्टकान्भक्ष २ आवाहयाम्यहमत्र तिष्ठ २ हुं फट् स्वाहाः । आग्नेये रुरुभैरवाय नमः दक्षिण दिशायां मां रक्ष २ मम कालकण्टकान्भक्ष २ आवाहयाम्यहमत्र तिष्ठ २ हुं फट् स्वाहा । नैऋर्त्ये क्रोधभैरवाय नमः नैऋर्त्यां मां रक्ष २ मम कालकण्टकान्भक्ष २ आवाहयाम्यहमत्र तिष्ठ २ हुं फट् स्वाहा । प्रतिच्यां उन्मत्त-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भैरवाय नमः प्रतीच्यां मां रक्ष-रक्ष मम कालकण्टकान्भक्ष २ आवाहयाम्यहमत्र तिष्ठ २ हुं फट् स्वाहा। वायव्ये कपालभैरवाय नमः वायव्यां मां रक्ष २ मम कालकण्ठकान्भक्ष २ आवाहयाम्यहमत्र तिष्ठ २ हुँ फट् स्वाहा। उदीच्यां भीषण भैरवाय नमः उदीच्यां मां रक्ष २ मम कालकण्टकान्भक्ष २ आवाहयाम्यहमत्र तिष्ठ २ हुं फट् स्वाहा। ईशान्यां संहार भैरवाय नमः ईशान्यां मां रक्ष २ मम कालकण्टकान्भक्ष २ आवाहयाम्यहमत्र तिष्ठ ० हुँ फट् स्वाहा। इति पूर्वादिदिक्षु क्रमेणाक्षतैः आवाहयेत् ॥ अथ पीठ पूजा ॥ ॐ आधारशक्तये नमः ॐ पृथिव्यै नमः ॐ कूर्माय नमः ॐ अनन्ताय० ॐ सुधांबुधये० ॐ चिन्तामणिगृहाय० ॐ महोग्रश्मशानाय० ॐ मध्ये प्रेतवाहनाय० ॥ इति पीठ पूजा ॥ अथ ध्यानम्ध्यायेन्नीलाद्रिकान्तं शशि शकलधरं मुण्डमालं महेशं, दिग्वस्त्रं पिङ्गकेशं डमरुमसिसृणिखड्गशूलाभयामि। नागं घण्टां कपालं करसर-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सिरुहैर्बिभ्रतं भीमदंष्ट्रं, सर्प्पाकल्पं त्रिनेत्रं मणिमयविलसत्किंकिणीनू-
पुराढ्यम् ॥ आवाहनम् ॥ देवेश भक्तिसुलभ परिवारसमन्वित । यावत्त्वां
पूजयिष्यामि तावत्त्वं सुस्थिरो भव ॥ श्री भैरवाय नमः ॥ आसनम् ॥
नानारत्नसमायुक्तं मुक्ताहारविभूषितम् ॥ स्वर्णसिंहासनं चारु प्रीत्यर्थं
प्रतिगृह्यताम् ॥ भैरवाय नमः पाद्यम्— यद्भक्तिलेशसम्पर्कात्परमानन्दसंभवम् ।
तस्मै ते चरणाब्जाय पाद्यं देवाय कल्पये ॥ भैरवाय नमः ॥ अर्घ्यम्— ताप-
४ त्रयहरं दिव्यं परमानन्दसंभवम् । तापत्रयविनिर्मुक्त्यै तवार्घ्यं कल्प-
याम्यहम् ॥ भैरवाय नमः ॥ स्नानम् ॥ करकलितकपालः कुण्डली दण्ड-
पाणिस्तरुणतिमिरनीलव्यालयज्ञोपवीतिः । क्रतुसमयसपर्य्याविघ्नविच्छेद-
हेतुर्जयति बटुकनाथः सिद्धिदः साधकानाम् ॥ भैरवाय नमः ॥ स्नानांग-
माचमनं समर्पयामि । अंगप्रोक्षणम् ॥ वस्त्रम्- मायाचित्रपटच्छन्नं निज-
गुह्योरुतेजसम् । निरावरणविज्ञानं वासस्ते कल्पयाम्यहम् ॥ भैरवाय नमः ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यज्ञोपवीतम्- यस्य शक्तित्रयेणेदं सम्प्रोतमखिलं जगत्। तस्मै ते परमेशाय यज्ञसूत्रं प्रकल्पये ॥ वस्त्रांगयज्ञोपवीतांगमाचमनं समर्प्पयामि ॥ गन्धम्– मलयाचल सम्पन्नं नानापन्नगरक्षितम् । शीतलं बहुलामोदं चन्दनं प्रतिगृह्यताम् ॥ अक्षतान्– अक्षतान् धवलान्देव सुरगन्धर्वपूजित । सर्वदेव नमस्कार्य गृहाण मदनुग्रहात् ॥ पुष्पाणि– सुगन्धीनि सुपुष्पाणि देशकालोद्भवानि च । मयानितानि पूजार्थं पुष्पाणि प्रतिगृह्यताम् ॥ धूपम् वनस्-
५ पत्युद्भवो दिव्यो गन्धाढ्यः सुमनोहरः । आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ॥ दीपम् सुप्रकाशो महान्दीपः सर्वत्र तिमिरापहः । सबाह्याभ्यंतरं ज्योतिर्दीपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ॥ बटुकाष्टकनैवेद्यं सम्प्रोक्ष्य सम्पूज्य ॥ ॐ एहि देवीपुत्र बटुकनाथ कपिल जटाभासुर त्रिनेत्र स्वांगकिंकिणीकज्वालामुख मम सर्वविघ्नान्नाशय २ सर्वोपचारसहितमाषबटुकाष्टकबलिं गृहाण २ स्वाहा । सांगाय सपरिवाराय श्री भैरवाय बटकाष्टकनैवेद्यं समर्प्पयामि ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चरणां ध्यात्वा जपं ॐ ह्रीं बटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु २ बटुकाय ह्रीं। इति मन्त्रं यथाशक्ति वा १०८ वारं जप्त्वा। गुह्यातिगुह्यगोप्ता त्वमिति देवस्य दक्षिणहस्ते जपं समर्प्पयेत। जलं शुद्धाचमनं दत्वा। रक्तपुष्पाक्षतैरष्ठोत्तरशतनामभिः पूजयेत्। कपालमूले हस्ताभ्यां दधतं सर्प्पभूषणम्। स्वयूथावेष्टितं रम्यं बटुकं पूजयेच्छुभम। ॐ अस्य आपदुद्धार बटुक भैरवाष्टोत्तर शत नाम मंत्रस्य शिव ऋषिः आपदुद्धार बटुक भैरवो देवता श्री बटुक भैरव प्रीतये– तिल यव तण्डुलाक्षत, दूर्वा रक्त गन्धादिभिः पूजने विनियोगः (फूल, तिल, जौं, अक्षत, दूब, सिन्दूर एवं कपूर मिलाकर प्रत्येक नाम के साथ मूर्ति पर चढ़ाएं)॥ ॐ भैरवाय नमः ॐ भूतनाथाय नमः ॐ भूतात्मने नमः ॐ भूतभावनाय॰ ॐ क्षेत्रज्ञाय ॐ क्षेत्रपालाय॰ ॐ क्षेत्रदाय॰ ॐ क्षत्रियाय॰ ॐ विराटाय॰ ॐ श्मशानवासिने॰ ॐ मांसाशिनेखर्पराशिने॰ ॐ स्मरान्तकाय॰ ॐ रक्तपाय॰ ॐ पानपाय॰ ॐ

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सिद्धाय ० ॐ सिद्धिदाय० ॐ सिद्धसेविताय० ॐ कङ्कालाय० ॐ कालशमनाय० ॐ कलाकाष्ठातनवे० ॐ कवये० ॐ त्रिनेत्राय० ॐ बहुनेत्राय० ॐ पिंगललोचनाय० ॐ शूलपाणये० ॐ खड्गपाणये० ॐ कपालिने० ॐ धूम्रलोचनाय ० ॐ अभिरवे० ॐ भैरवाय० ॐ भीमाय० ॐ भूतपाय० ॐ योगिनीपतये० ॐ धनदाय० ऋणहारिणे० ॐ धनवते० ॐ प्रतिभावते० ॐ

८ नागहाराय० ॐ नागपाशाय ० ॐ व्योमकेशाय ० ॐ कपालभृते ० ॐ कालाय० ॐ कपालमालिने० ॐ कमनीयाय० ॐ कलानिधये० ॐ अग्निनेत्राय० ॐ उज्ज्वलन्नेत्राय ० ॐ त्रिशिखिने ० ॐ त्रिलोकपाय० ॐ त्रिनेत्रतनयाय० ॐ डिम्भाय० ॐ शान्ताय० ॐ शान्तजनप्रियाय ० ॐ बटुकाय ० ॐ बटुवेषाय ० ॐ खट्वांगरधारकाय ० ॐ भूताध्यक्षाय ० ॐ पशुपतये० ॐ भिक्षुकाय० ॐ परिचारकाय० ॐ धूर्त्ताय० ॐ दिगम्बराय० ॐ शूराय०

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ॐ हरिणाय॰ ॐ पाण्डुलोचनाय॰ ॐ प्रशान्ताय॰ ॐ शान्तिदाय॰ ॐ शुद्धाय॰ ॐ शंकराय॰ ॐ प्रियबान्धवाय॰ ॐ अष्टमूर्त्तये॰ ॐ निधिशाय॰ ॐ ज्ञानचक्षुषे॰ ॐ तपोमयाय॰ ॐ अष्टाधाराय॰ ॐ षडाधाराय॰ ॐ सर्पयुक्ताय॰ ॐ शिखिसखाय॰ ॐ भूधराय॰ ॐ भूधराधीशाय॰ ॐ भूपतये॰ ॐ

भूधरात्मकाय॰ ॐ कंकालधारिणे॰ ॐ मुण्डिने॰ ॐ नागयज्ञोपवीतवते॰ ॐ जृम्भणाय॰ ॐ मोहनाय॰ ॐ स्तम्भिने॰ ॐ मारणाय॰ ॐ क्षोभणाय॰ ॐ शुद्धाय॰ ॐ नीलांजनप्रख्याय॰ ॐ दैत्यघ्ने॰ ॐ मुण्डभूषिताय॰ बलिभुजे॰ ॐ बलिभुग्नाथाय॰ ॐ बालाय॰ ॐ बालपराक्रमाय॰ ॐ सर्वापत्तारणाय॰ ॐ ॐ दुर्गाय॰ ॐ दुष्टभूतनिषेविताय॰ ॐ कामिने॰ ॐ कलानिधये॰ ॐ कांताय॰ ॐ कामिनीवशकृते॰ ॐ वशिने॰ ॐ सर्वसिद्धिप्रदाय॰ ॐ वैद्याय॰ ॐ प्रभवे॰ ॐ विष्णवे नमः इति सम्पूज्य ताम्बूलम् ॥ भूषणार्थं द्रव्यम् ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

फलम् ॥ अथावरणपूजा ॥ ॐ श्यामवर्णाय. ॐ प्रेतनाहनाय. ॐ गज-
त्वक्स्त्रिणे. ॐ महाकालाय. ॐ रुद्रभैरवाय. ॐ चण्डभैरवाय. ॐ
असितभैरवाय. ॐ कपालिने . ॐ क्रोधिने . ॐउन्मत्तभैरवाय . ॐ
संहारभैरवाय . ॐ भीषण-भैरवाय ० ॥ नीराजनम्– अन्तस्तेजो बहिस्तेज
एकीकृत्यामितप्रभम् । आरार्तिकमिदं देव गृहाण मम सिद्धये ॥ चन्द्रादित्यौ
९ च धरणी विद्युदग्निस्तथैव च । त्वमेव सर्वज्योतींषि आरार्तिः प्रतिगृह्यताम् ॥
पुष्पांजलिः ॥ तीक्ष्णदंष्ट्र महाकाय कल्पान्तदहनोपम । भैरवाय नमस्तुभ्यं
ममाज्ञां दातुमर्हसि ॥ कारयां श्री भैरवो देवो संसार भय नाशनः । अनेक-
जन्मकृतं पापं स्मरणेन वनिश्यति ॥ दक्षिणा संकल्पः ॥ ॐ विष्णुः ३
अद्येहेत्यादि अमुकोऽहं श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफलावाप्तये मनोभिलषितफल-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्राप्त्यर्थं पूर्वकृतसंकल्पसिद्धि द्वारा बटुक भैरव प्रसादसिद्धये भैरवप्रीत्यर्थं एतत्पूजनकर्मणि सांगफलप्राप्त्यर्थम् इमां दक्षिणां ब्राह्मणाय दास्ये। श्री भैरव प्रीतये अष्टौ बटुक ब्राह्मणान् भोजयिष्ये ॥ इति भैरव पूजनम् ॥

पूजा सामग्री– रोली, रक्तचंदन, सिंदूर, चावल, धूप, सरसों श्वेत; कपूर, पान, सुपारी, लौंग, इलायची, केसर, घी, तेल, रुई, द्रव्य (रुपये), फूल, फल, मास (उड़द) के बड़े (तेल में पकाये हुए), तिल काले, दूब कुशा वस्त्र एवं बतासे मिष्ठान्न आदि।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

।। श्री गणेशाय नमः ।।

अथः बटुक भैरव ध्यानम्

शान्तं पद्मासनस्थं, शशि मुकुटधरं चोन्नतांगं त्रिनेत्रम् ।
शूलं शङ्खं च वज्रं, परशुमुसलके, दक्षिणांगे वहंतम् ।।
नागं पाशं च घण्टा नलिन कर युतं, संकुशं वाम भागे ।
नागालङ्कारयुक्तं स्फटिकमणिनिभं नौमि तत्व शिवारूपम् ।।

अथ बटुक भैरव स्तोत्र प्रारभ्यते

ॐ मेरुपृष्ठे सुखासीन देवदेवं जगद्गुरुम् ।
शङ्करं परिपप्रच्छ, पार्वती परमेश्वरम् ।। १ ।।

सुमेरु पर्वत में सुख से बैठे हुए देवाधिदेव, जगद्गुरु परमेश्वर, भगवान शकर (शं कल्याण, करकारक अर्थात कल्याण करने वाले) से पार्वती जी ने पूछा ।।१।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

❀ पार्वत्युवाच ❀

श्री भगवन् सर्वधर्मज्ञ, सर्वशास्त्रागमादिषु ।
आपदुद्धारणं मंत्रं, सर्वसिद्धिकरं नृणाम् ॥ २ ॥

श्री पार्वती जी ने भगवान शङ्कर से पूछा कि हे भगवन् ! समस्त धर्मों के जानने वाले ! समस्त शास्त्रों और वेदों में मनुष्यों की समस्त सिद्धियों का देने वाला, आपत्ति से उद्धार कराने वाला मन्त्र कौन सा है ? ॥ २ ॥

सर्वेषां चैव भूतानां, हितार्थं वाञ्छितं मया ।
विशेषतस्तु राज्ञां वै, शान्तिपुष्टिप्रसाधनम् ॥ ३ ॥

समस्त प्राणियों के कल्याण के लिये और विशेषकर राजाओं अथवा समर्थ पुरुषों के लिये शान्ति और पुष्टि का प्रसाधन करने वाला मेरा इच्छित मन्त्र जो मैंने आपसे पूछा है उसे आप बताइये ॥ ३ ॥

अङ्गन्यास करन्यास, देहन्यास समन्वितम् ।
वक्त महर्सी देवेश, मम हर्ष विवर्धनम् ॥ ४ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे देवेश ! मेरे हर्ष के बढ़ाने वाले परमेश्वर, अङ्गन्यास, करन्यास, देहन्यास आदि से युक्त उस मन्त्र को आप ही बताने में समर्थ हो सकते हैं, अतः कृपा कर बताइये ।।४।।

❀ ईश्वर उवाच ❀

श्रृणु देवि ! महामन्त्र पापदुद्धार हेतुकम ।
सर्व दुःख प्रशमनं, सर्व शत्रु विनाशनम् ॥ ५ ॥

तब भगवान शङ्कर जी ने कहा कि देवि! सुनो, यह महामन्त्र आपत्तिजों से उद्धार करने वाला, समस्त दुखों को शान्त करने वाला तथा समस्त शत्रुओं का विनाश करनेवाला है। ५।

अपस्मारादि रोगाणां, ज्वरादीनां विशेषतः ।
नाशनं स्मृतिमात्रेण, मंत्र राजमिमं प्रिये ॥ ६ ॥

हे प्रिये ! अपस्मार आदि रोगों का और ज्वरादि रोगों का विशेषकर केवल स्मरण मात्र से ही नाश करने वाला यह महामन्त्र राज है ।। ६ ।।

ग्रहरोगभयातां च, नाशन सुक्त बर्द्धनम् ।
स्नेहाद्वक्ष्यामि त्वां मंत्र, सर्वसारमिमं प्रिये ॥ ७ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे प्रिये ! समस्त श्रुतियों और स्मृतियों के सार रूप ग्रहों और रोगों तथा भयों के नाश करने वाले, सुखबर्द्धन, इस मन्त्र को मैं तुमसे स्नेहपूर्वक कहूंगा ॥ ७ ॥

सर्व कामार्थदं देवि, राज्यभोग प्रदं नृणाम् ।
आपदुद्धारणं मन्त्रं त्वां, वक्ष्याम्यशेषतः ॥ ८ ॥

हे देवि ! समस्त कामनाओं की पूर्ति करने वाले, राज्यभोग सुख समस्त प्राणियों को देने वाले, इस आपत्ति से उद्धार कराने वाले मन्त्र को मैं तुमसे अशेष रूप से अर्थात् पूर्ण विवरण पूर्वक कहूंगा ॥ ८ ॥

प्रणवं पूर्व मुद्धृत्य, देवी प्रणव मुद्धरेत् ।
बटुकायेति वै पश्चात्, आपदुद्धरणायच ॥ ९ ॥

पहिले ॐकार को धारण कर देवी प्रणव को धारण करे और फिर बाद में बटुक के लिये तथा आपत्तियों के उद्धार के लिये ॐ कार को धारण करे ॥ ९ ॥

कुरुद्वयं ततः पश्चात्, बटुकायेति वैपुनः ।
देवो प्रणव मुद्धृत्य, मंत्रोद्धारमिमं प्रिये ॥ १० ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दोनों ॐकारों को धारण करने के पश्चात् बटुक के लिए पुनः देवी प्रणव धारण करे और फिर मन्त्रोद्धार करे ॥ १० ॥

मन्त्रोद्धारमिमं देवि, त्रैलोक्ये चातिदुर्लभम् ।
अप्रकाश्य मिमं मन्त्रं, सर्वशक्तिसमन्वितम् ॥ ११ ॥

हे देवि ! यह मन्त्रोद्धार तीनों लोकों में भी अत्यन्त दुर्लभ है अतः इस सर्वशक्तियों से युक्त मन्त्र को कभी प्रकाशित न करें अर्थात् किसी से भी न बतायें ॥ ११ ॥

स्मरणादेव मन्त्रस्य, भूतप्रेत पिशाचकाः ।
विद्रवन्त्यति भीता वै, कालरुद्रादिवप्रजाः ॥ १२ ॥

इस मन्त्रराज के स्मरण मात्र से ही भूत प्रेत, पिशाच, काल, रुद्रादि समस्त भयभीत हो (डर) कर भाग जाते हैं ॥ १२ ॥

पठेद्वा पाठयेद्वा च, पूजयेद्वापि पुस्तकम् ।
नाग्नि चौर भयं तत्र, ग्रहराज भयं तथा ॥ १३ ॥

इस मन्त्र राज को पढ़ें अथवा पढ़ावें अथवा पुस्तक पूजन ही करें तो अग्नि भय चोर

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भय तथा ग्रह भय एवं राजभय कभी नहीं होते ॥ १३ ॥

नच मारीभयं किंचित्, सर्वत्र सुखवान भवेत् ।
आयुरारोग्य मैश्वर्यं, पुत्र पौत्रादि सम्पदः ॥ १४ ॥

इस मन्त्र के धारण, पूजन अथवा पाठ करने से महामारी (हैजा, प्लेग आदि भयानक बीमारियों) का भय नहीं रहता, मनुष्य को सर्व प्रकार के सुख उपलब्ध होते हैं, आयु आरोग्य ऐश्वर्य आदि प्राप्त कर मनुष्य समस्त पुत्र-पौत्रादि सम्पदाओं से युक्त होता है। १४

भवन्ति सततं तस्य, पुस्तकस्यापि पूजनात् ।
न दारिद्र्यं नच दौर्भाग्यं, नापदो भयमेव च ॥ १५ ॥

उस मनुष्य को जो कि पुस्तक को पूजन कर लेता है, दरिद्रता, दुर्भाग्य, आपत्तियां आदि कुछ भी नहीं व्याप्त होती ॥ १५ ॥

★ ॥ पार्वत्युवाच ॥ ★

क एष भैरवो नाम, आपदुद्धारणो मतः ।
त्वया च कथितो देव ! भैरवः कल्प उत्तमः ॥ १६ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0 In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तब भगवती पार्वती जी ने भगवान शंकर से पुनः प्रश्न किया कि हे प्रभु ! आपने जो आपत्तियों से उद्धार करने वाला यह भैरव बताया सो यह है कौन ? ॥ १६ ॥

तस्य नाम सहस्राणि, श्रायुतान्यर्बदानि च ।
सार मुद्धृत्य तेषां वै, नामाष्ट शतकं वद ॥ १७ ॥

उनके सहस्र नाम, दस सहस्र, लाख, करोड़ आदि बहुत से नाम होंगे किन्तु आप सार धारण कर उनके कम से कम १०८ नाम तो बता ही दीजिये ॥ १७ ॥

यानि सङ्कीर्तयन्सर्त्यः, सर्वदुःख विवर्जितः ।
सर्वान्कामान् वाप्नोति, साधकः सिद्धमेवच ॥ १८ ॥

जिन नामों का कीर्तन करते हुए मनुष्य सब प्रकार के दुखों से छुटकारा पा जाता है और जिनको समस्त कामनाओं की प्राप्ति होती है, साधक सिद्धि को प्राप्त होताहै। १८।

★ ईश्वर उवाच ★

शृणु देवि ! प्रवक्ष्यामि, भैरवस्य महात्मनः ।
श्रापदुद्धारणस्येद, नामाष्ट शत्तमुत्तमम् ॥ १९ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तब भगवान शङ्कर महारानी पार्वती से बोले कि देवि ! सुनो, मैं तुमसे महात्मा भैरव जी के १०८उत्तम नामों को बताता हूं जो कि आपत्तियों का उद्धार करने वाले हैं।१९।

सर्व पाप हरं पुण्यं, सर्वापत्ति विनाशनम् ।
सर्वकामार्थदं विदे ! साधकानां सुखावहम् ॥२०॥

सब पापों को हरने वाले, परम पुण्य तथा समस्त आपत्तियों का विनाश करने वाले, समस्त कामनाओं को देने वाले तथा हे देवि! साधना करने वालों को अत्यन्त सुखावह।२०

सर्वमङ्गल माङ्गल्यं, सर्वोपद्रव नाशनम् ।
आयुः करं पुष्टि करं, श्री करं चयशस्करम् ॥२१॥

समस्त मंङ्गलों को देने वाले तथा समस्त प्रकार के उपद्रवों को नष्ट करने वाले, आयुकर, पुष्टिकर और लक्ष्मी प्रद तथा कीर्ति करने वाले ॥२१॥

नामाष्टशतकस्यास्य, छन्दोऽनुष्टुप् प्रकीर्तितम् ।
बृहदारण्यको नाम, ऋषिर्देवोऽथ भैरवः ॥२२॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इस १०८ नाम वाले स्तोत्र का अनुष्टुप छन्द है और वृहदारण्यक नाम के भैरव ऋषि इसके देवता हैं ॥ २२ ॥

अष्ट बाहुं त्रिनयन मिति बीजं समाहितम् ।
शक्तिकं कीलकं शेष, मिष्टसिद्धौ नियोजियेत् ॥ २३ ॥

"अष्टबाहुं त्रिनयनं" इस स्तोत्र का बीज है । शक्तिक, कीलक और इष्ट सिद्धि में इसका प्रयोग करना चाहिये ॥ २३ ॥

सर्वकामार्थ सिद्ध्यर्थं, विनियोगः प्रकीर्तितः ।
देहांतं न्यासकं चैव, पूर्व कुर्याच्च साधकः ॥ २४ ॥

समस्त कामनाओं की सिद्धि के लिए विनियोग अवश्य करना चाहिये तथा इसके पूर्व साधक को चाहिए कि देह न्यास (अंग न्यास) आदि भी अवश्य करे ॥ २४ ॥

ह्रीं बीजं बटुकः शक्तिः प्रणवः कीलकं मतम् ।
आरोग्यायुरभीष्ट श्रीः, सिद्ध्यर्थं विनियुज्यते ॥ २५ ॥

इस बटुक भैरव स्तोत्र का बीज "ह्रीं" है और शक्ति "बटुक" भगवान हैं तथा

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कीलक "प्रणव" है। अरोग्य, आयु, अभीष्ट लक्ष्मी व शोभा आदि के लिए बीज, शक्ति एवं कीलक का ध्यान अवश्य करना चाहिए ॥ २५ ॥

भैरवं मूर्ध्नि विन्यस्य, ललाटे भीम दर्शनम् ।
नेत्रयोर्भूतं हननं सारमेयानुगं भ्रुवोः ॥ २६ ॥

"भैरव" को मूर्द्धा (शिर) में विन्यस्त करे तथा ललाट (मस्तक) में "भीम" को, नेत्रों में भूत हन्ता तथा "सारयेयानुग" को भौंहों में धारण करे ॥ २६ ॥

कर्णयोर्भूत नाथं च प्रेतवाहं कपोलयोः ।
नासापुटौष्ठयोश्चैव, भस्मांगे सर्पभूषणम् ॥ २७ ॥

कानों में भूतनाथ, कपोलों (गालों) में प्रेतवाह, नासापुट (नाक के अग्रभाग) और होठों में भस्म तथा अङ्गों में "सर्पभूषण" भगवान का ध्यान करे ॥ २७ ॥

अनादिनाथमास्ये च, शक्ति हस्तंगलेन्यसेत् ।
स्कन्धयोर्दैत्य शमन, बाहस्तल तेजसम ॥ २८ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मुख में अनादि नाथ, गले में शक्ति हस्त, स्कन्धों (कन्धों) में दैत्य दमन और बाहुओं में अतुल तेजस्वी को ॥ २८ ॥

पाण्योःकपालिनं न्यस्य, हृदये मुण्डमालिनम् ।
शान्तं वक्षःस्थलेन्यस्य, स्तनयोः कामचारिणम् ॥ २९ ॥

हाथों में कपाली को, हृदय में मुण्डमाली को, वक्षस्थल में शान्तस्वरूपी भगवान को और स्तनों में कामचारी को ॥ २९ ॥

उदरे च सदा तुष्टं, क्षेत्रेशं पार्श्वयास्तथा ।
क्षेत्रपालं पृष्ठ देशे, क्षेत्रज्ञं नाभिदेशके ॥ ३० ॥

उदर में तुष्ट को तथा पार्श्वों में क्षेत्रेश को, पीठ में क्षेत्रपाल को, नाभिदेश में क्षेत्रज्ञ को ॥ ३० ॥

पापौघनाशन कट्यां, बटुकं लिङ्गदेशके ।
गुदे रक्षा करं न्यस्य, तथोर्वोरक्तलोचनम् ॥ ३१ ॥

कटि में पापों के समूहों को नष्ट करने वाले को, लिङ्ग में बटुक को, गुदा में रक्षाकर को तथा ऊरुओं (जंघाओं) में रक्तलोचन को ॥ ३१ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जानुनोर्घुघु राराव, जंघयोरक्त पाणिनाम् ।
गुल्फयोः पादुका सिद्धं, पादपृष्ठे सुरेश्वरम् ॥ ३२ ॥

जानुओं (जंघा से निम्नप्रदेश) में घुरघुर शब्द करने वाले को और जंघाओं (पिंडुरियों) में रक्तपाणि को, गुल्फों में पादुका सिद्ध को तथा पैरों के नीचे सुरेश्वर को ॥३२॥

आपाद मस्तकं चैव, आपदुद्धारकं तथा ।
पूर्वे डमरुहस्तं च, दक्षिणे दण्ड धारिणम् ॥ ३३ ॥

पैरों से लेकर मस्तक तक आपत्तियों से उद्धार करने वाले को, पूर्व में डमरु हस्त को और दाहिनी ओर दण्डधारी को ॥ ३३ ॥

खड्गहस्तं पश्चिमे च, घण्टावादिन मुत्तरे ।
आग्नेय्यामग्निवर्णं च, नैऋत्ये च दिगम्बरम् ॥ ३४ ॥

पश्चिम में खड्गहस्त को, उत्तर में घण्टा बजाने वाले को, आग्नेय दिशा में अग्नि-वर्ण को, नैऋत्य में दिगम्बर को ॥ ३५ ॥

ईशान्ये ईश्वरं चैव, वायव्ये वामदेवतम् ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ऊर्ध्वं खेचारिणं न्यस्य, पाताले रौद्ररूपिणम् ॥ ३५ ॥

ईशान्य में ईश्वर को, वायव्य में वामदेवता को, ऊपर खेचारी को और पाताल में रौद्ररूपी भगवान को ॥ ३५ ॥

एवं विन्यस्य देहे स्वे, षडंगेषु ततो न्यसेत् ।
रुद्रमङ्गुष्ठयोर्न्यस्य, तर्जन्योस्तु शिखी सखम् ॥ ३६ ॥

इस प्रकार से अपने शरीर में विन्यस्त करे और रुद्र को अंगूठे में, शिखी मित्र को तर्जनियों में विन्यस्त करे ॥ ३६ ॥

शिवं मध्यमयोर्न्यस्या, नामिकायां त्रिशूलिनम् ।
ब्रह्माणं तु कनिष्ठायां, तलायोस्त्रिपुरान्तकम् ॥ ३७ ॥

मध्यमा में शिव को, अनामिका में त्रिशूली को, कनिष्ठा में ब्रह्मा को और नीचे त्रिपुरान्तक को ॥ ३७ ॥

मांसाशिनं कराग्रेतु, करपृष्ठे दिगम्बरम् ।
हृदये भूतनाथाय, आदि नाथाय मूर्द्धनि ॥ ३८ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मासांसी (मांस का भोजन करने वाले को) करके अग्रभाग में, दिगम्बर को कर की पीठ में, भूतनाथ को हृदय में, आदिनाथ को मूर्द्धा में ॥ ३८ ॥

आनन्द पद पूर्वाय, नाथायाथ सिखासुच ।
सिद्धेशाम्बर नाथाय, कवचे विंन्यसेत्तथा ॥ ३९ ॥

आनन्द नाथ को शिखा (चोटी) में और सिद्धेश अम्बरनाथ को कवच में विन्यस्त करे ॥ ३९ ॥

सहजानन्द नाथाय, न्यसेन्नेत्रत्रयेषुच ।
परमानन्द नाथाय, अस्त्रे चैव प्रयोजयेत् ॥ ४० ॥

सहजानन्द नाथ को तीनों नेत्रों में, परमानन्दनाथ को अस्त्र में प्रयुक्त करे ॥ ४० ॥

एवं न्यासविधिं कृत्वा, यथावत्तदनन्तरम् ।
ध्यायेच्चैव महेशानि, साधकः सर्वसिद्धये ॥ ४१ ॥

इस प्रकार से न्यास विधि को करके तथा तदनन्तर यथावत् समस्त सिद्धियों के लिए साधक महेशों का ध्यान करे ॥ ४१ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ध्यानं तस्य प्रवक्ष्यामि, यथा ध्यात्वा पठेन्नरः ।
शुद्ध स्फटिक संकाशं, सहस्रादित्य वर्चसम् ॥ ४२ ॥

अब भगवान का ध्यान कर रहा हूं । उनका ध्यान यथावत् करके मनुष्यों को चाहिये कि इस स्तोत्र का पाठ करे, भगवान का ध्यान शुद्ध स्फटिक शिला के समान गौर वर्ण के हजारों सूर्यों के समान तेज वाले रूप से करे ॥ ४२ ॥

नीलजीमूत संकाशं, नीलांजन समप्रभम् ।
अष्ट बाहुँ त्रिनयनं, चतुर्बाहुँ द्विबाहुकम् ॥ ४३ ॥

नीले मेघों के समान, नीलांजन के समान प्रभा वाले, अष्टबाहु, त्रिनयन, चतुर्बाहु, द्विबाहु का ध्यान करे ॥ ४३ ॥

दंष्ट्रा कराल वदनं, नूपुराराव सङ्कुलम् ।
भुजङ्ग मेखलं देव, मग्निवर्णं शिरोरुहम् ॥ ४४ ॥

दंष्ट्रा से (दाढ़ों से) मुक्त विकराल मुखवाले नूपुर की ध्वनियों से ध्वनित, भुजङ्ग मेखल (सर्पों की मेखलाओं को धारण किये हुए) अग्नि वर्णं शिरोरुह भगवान का ध्यान करे ॥ ४४ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दिगम्बरं कुमारेशं, बटुकाख्यं महाबलम् ।
खट्वाङ्गमसिपाशंच, शूलं दक्षिणभागतः ॥ ४५ ॥

दक्षिण की ओर से दिगम्बर, कुमारेश, बटुक, महाबलवान को खट्वांग असि और पाश शूलसयुक्त ध्यावे ॥ ४५ ॥

डमरु च कपालं च, वरदं भुजंगं तथा ।
अग्निवर्णं समोपेतं, सारमेय समन्वितम् ॥ ४६ ॥

डमरु कपाल और भुजंगधारी वरदायी, सारमेल (कुत्ता) समन्वित अग्नि वर्ण युक्त प्रभु का ध्यान करे ॥ ४६ ॥

ध्यात्वा जपेत् सुसन्तुष्टः,
सर्वान् कामानवाप्नुयात् ॥ ४७ ॥

इस प्रकार से प्रभु का ध्यान करके भलीभांति सन्तुष्ट होकर जप करे, तो समस्त कामनाओं की सिद्धि को प्राप्त होता है ॥ ४७ ॥

वन्देबालं स्फटिक सदृशं, कुन्तलोद्भासि वक्त्रम् ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दिव्याकल्पनवमणि मयैः किङ्किणीनूपुराढ्यैः ।
दीप्ताकार विशद वदनं, सुप्रसन्नं महेशम् ।
हस्ताब्जाभ्यां बटुकमनिशं, शूलखड्गौदधानम् ॥ ४८ ॥

जिनके कुन्तल केश मुख के ऊपर लहरा रहे हैं. ऐसे स्फटिक शिला के वर्ण के समान वर्ण वाले बाल स्वरूपी भगवान शङ्कर जी की मैं वन्दना करता हूं, जो कि दिव्य से दिव्य नवीन मणियों से संयुक्त किंकिणी और नूपुरों को धारण किये हुए हैं, जिनका भव्य शरीर दूर से दीप्त हो रहा है, विशद वदन (बड़े मुख वाले) सुप्रसन्न. महेश (शिव) को मैं प्रणाम करता हूं जो अपने दोनों कर कमलों में शूल और खड्ग धारण किये हैं । ऐसे बटुक भगवान की मैं अहर्निश बन्दना करता हूं ।४८।

उद्यद्भास्कर सन्निभं त्रिनयनं, रक्ताङ्ग राग स्रजम् ।
स्मेरास्यं वरदं कपोलमभयं, शूलं, दधानं करैः ॥
नील ग्रीव मुदार भाषणयुतं, शीतांशुखण्डोज्ज्वलम् ।
बन्धूकारुणवाससं भयहर, देवं सदा भावयेत् ॥ ४९ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उदय होते हुए भुवन भास्कर के समान तेज वाले, तीन नयन हैं जिनके, तथा रक्त मालाओं को धारण करने वाले, स्मेर वदन, वरद, कपाली, अभय, जिन्होंने कि अपने करों से शूल को धारण कर रक्खा है. नील ग्रीव (नीलकण्ठ) उदार भाषण करने वाले, चन्द्रमा के खण्डन को धारण करने से उज्ज्वल बन्धूक के समान लाल वस्त्रों को धारण करने वाले, भयहारी भगवान को सर्वदा ध्यावै ॥ ४९ ॥

ध्यायेत् त्रैलोक्य कान्तं, शशि शकल धरं मुण्डमाल महेशम् ।
दिग्वस्त्रं पिङ्ग केशं, डमरुमथ सृणि खड्गशूलौ दधानम् ॥
नागं घण्टा कपालं, करसरसिरुहैर्बिभ्रतं भीमदंष्ट्रम् ।
सर्पा कल्पं त्रिनेत्रं मणि मयविलसत् किंकिणीनूपुराढ्यम् ॥५०॥

तीनों लोकों के स्वामी, चन्द्र कला धर, मुण्डमाल, महेश, दिगम्बर, पिंग केश (पीले बाल) डमरु और सृणिखड्ग तथा शूल को धारण करने वाले, नाग, घण्टा-कपाल आदि कर कमलों से धारण करने वाले, भीम दंष्ट्र, सर्पों के समूह से आवृत त्रिनेत्र मणिमय किंकिणि और नूपुरों से विभूषित भगवान का ध्यान करे ॥ ५० ॥

कर कलित कपालः कुण्डली दण्ड पाणिः ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तरुण तिमिर नील व्याल यज्ञोपवीती।
क्रतु समय सपर्या विघ्न विच्छेद हेतु,
जयति बटुकनाथः सिद्धिः साधकानम् ॥ ५१ ॥

अपने हाथों में धारण कर रखा है कपाल जिन्होंने, तथा सर्प एवं दण्ड है परणि में जिनके। तरुण और विकट काले व नीले सर्पों का बना रखा है यज्ञोपवीत (जनेऊ) जिन्होंने, ऐसे वे साधकों को सिद्धियां देने वाले, यथा यज्ञ समय में पूजन कालिक समस्त विघ्नों को समूल नष्ट करने वाले भगवान बटुक नाथ की जय हो ॥५१॥

अस्य श्री बटुकभैरव नामाष्ट शतकाऽऽ' पदुद्धारण स्तोत्र।
मन्त्रस्य बृहदारण्यक ऋषिः, श्री बटुक भैरवो देवता, अनुष्टुप्छन्दः
ह्रीं बीजम बटुकायेति शक्तिः प्रणवः
कीलकं अभीष्ट सिद्धयर्थं पाठे जपे विनियोगः

हाथ में जल लेकर तथा उपर लिखित मन्त्र को पढ़कर विनियोग के निमित्त उस जल को छोड़ देवें। इस श्री बटुक भैरव नामक अष्ट शतक आपत्तियों के उद्धार करने वाले

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्तोत्र मंत्र के वृहदारण्यक नामक ऋषि हैं, श्री बटुक भैरव इसके देवता हैं, इस स्तोत्र के छन्द अनुष्टुप हैं, 'ह्रीं' इस स्तोत्र का बीज है, 'बटुकाय' शक्ति है, प्रणव कीलक है, अभीष्ट कार्यों की सिद्धि के लिए पाठ व जप करने में इस मन्त्र से विनियोग छोड़े।५२।

❀ अथ करन्यासः ❀

ह्रां वाम् अंगुष्ठाभ्यां ममः। ह्रीं वीं तर्जनीभ्यांस्वाहा

ह्रूँ वूं म यमाभ्यां वषट्। ह्रैं वैं अनामिकाभ्यौ हुम्

ह्रौं वौं कनिष्ठिकाभ्यां वौ फट् ह्रः वः

करतल करपृष्ठाभ्यां फट्, इति करन्यासः

जिस समय करन्यास करे तब 'ॐ ह्रां वां अंगुष्ठाभ्यां नमः' कहकर बायां अंगूठा छूये और ह्रीं वीं से तर्जनी, ह्रूं वूं से मध्यमा, 'ह्रैं वैं' से अनामिका 'ह्रौं वौं' से कनिष्ठिका ह्रः वः से करतल और कर पृष्ठ अर्थात् गदेली और ऊपर का भाग छुवे, यही करन्यास है। इसी भांति षडङ्गन्यास अर्थात् छहों अङ्गों का न्यास करें।

❀ अथ षडङ्गन्यासः ❀

ॐ ह्रां वां हृदयाय नमः, ह्रीं वीं शिरसे स्वाहा।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हूँ वूं शिखायैवषट् हैं वैं कवचाय हुम् ।

हौं वौं नेत्रत्रयाय वौषट्

हः वः अस्त्रायफट्, इति षडङ्ग न्यासः

ह्रां वां से हृदय, ह्रीं वीं से शिर, ह्रूं वूं से शिखा (चोटी) हैं वैं से कवच, ह्रौं वौं से त्रिनेत्री, हः वः से अङ्ग न्यास करे । इति षडङ्ग न्यासः ॥

❁ अथ बटुक भैरव स्तोत्रम् ❁

अति तीक्ष्ण महाकाय, कल्पान्त दहनोपम ।
भैरवाय नमस्तुभ्य, अनुज्ञां दातमर्हसि ॥ १ ॥

अत्यन्त तीक्ष्ण, महान शरीर वाले कन्यास तक दहनोषम, तुझ भैरव के लिए नमस्कार है, तू ही मुझे अनुज्ञा देने को समर्थ है ॥ १ ॥

शान्तं पद्मासनस्थं शशि मुकुटधरं, चोन्नताङ्ग त्रिनेत्रम् ।
शूलं खडग च वज्रं परशुमुशलकं, दक्षिणांगे वहन्तम् ॥
नागं पाशंच घण्टा नलिन करयुतं, संकुशं बामभागे ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नागालङ्कार युक्तं, स्फटिकमणिनिभं नौमितत्वं शिवाख्यम् ॥२॥

शान्त, पद्मासनस्थ, चन्द्ररूपी मुकुट को धारण करने वाले, उन्नताङ्ग, त्रिनेत्री शूल, खड्ग वज्र, परशु, मूसल आदि दाहिने अङ्ग में धारण करने वाले, नाग, पाश, घंटा आदि वाम भाग में धारण करने वाले, सर्पों के अलंकारों से अलंकृत, स्फटिक मणि के, समान प्रभा वाले तत्वरूपी भगवान शिव को मैं प्रणाम करता हूं ॥ २ ॥

❀ नमस्कार मन्त्रः ❀

॥ ॐ ह्री ह्रौ नमः शिवाय ॥

उपरि लिखित मन्त्र से भगवान बटुक भैरव को नमस्कार करें।

ॐ भैरवो भूतनाथश्च, भूतात्मा भूतभावनः।
क्षेत्रज्ञः क्षेत्रपालश्च, क्षेत्रदः क्षत्रियो विराट् ॥ १ ॥

भगवान वटुक भैरव के अनेक नाम हैं– भैरव, भूतनाथ, भूतात्मा, भूतभावन, क्षेत्रज्ञ, क्षेत्रपाल, क्षेत्रद, क्षत्रिय, विराट् ॥ १ ॥

श्मशानवासी मांसाशी, खर्पराश स्मरान्तकृत्।
रक्तपः पानपः सिद्धः, सिद्धिदः सर्व सेवितः ॥ २ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्मशान में निवास करने वाले, मासांशी (मांसा हारी), खर्पराशी (खप्पर में भोजन करने वाले), स्मरान्तकृत् (कामदेव का विनाश करने वाले), रक्तप (रक्त पान करने वाले), पानप (पान करने वाले), सिद्ध सिद्धिद (सिद्धियां देने वाले), सिद्धसेवित (सिद्धों के द्वारा सेब्यमान) ॥ २ ॥

कङ्कालः काल शमनः, कला काष्ठातनुः कविः ।
त्रिनेत्रो बहुनेत्रश्च, तथा पिङ्गल लोचनः ॥ ३ ॥

कङ्काल (हड्डियों का ढांचा मात्र), कालशमन, कलाकाष्ठातनु, कवि त्रिनेत्र, बहुनेत्र, पिङ्गल लोचन । यहां पर त्रिनेत्र और बहुनेत्र इसलिए अशङ्कनीय हैं कि भगवान के तीन नेत्र तो लौकिक स्वरूप में हैं ही, किन्तु बहुनेत्र भी हैं, क्योंकि 'नमोऽस्त्वनन्ताय सहस्र मूर्तये सहस्र पादाक्षि शिरोरु वाहवे" से बहुनेत्र की ध्वनि होती है, अतः भगवान के लिए त्रिनेत्र और बहुनेत्र दोनों ही संगत हैं ॥ ३ ॥

शूयपाणिः खड्गपाणिः कंकालो धूम्रलोचनः ।
अभीरु भैरवानाथो, भूतपो योगिनीपतिः ॥ ४ ॥

शूलपाणि, खड्गपाणि, कङ्काला, धूम्रलोचन, अभीरु (निर्भय), भैरवी नाथ, भूतप, (प्राणियों की रक्षा करने वाले अथवा भूतों के स्वामी) योगिनीपति ॥४॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

धनदा धनहारी च, धनवान् प्रतिभानवान् ।
नागहारो नागपाशो, व्योमकेशः कपालभृत् ॥ ५ ॥

धन दाता, धनवान, प्रतिभावान् नागहार, नागपाश, व्योमकेश तथा कपालभृत (कपालों के धारण करने वाले) ॥ ५ ॥

कालः कपालमाली च, कमनीयः कलानिधिः ।
त्रिनेत्रो ज्वलन्नेत्रश्च त्रिशिखी च त्रिलोकपः ॥ ६ ॥

काल, कपाल, माली, कमनीय, कलानिधि, त्रिनेत्र, ज्वलन्नेत्र, त्रिशिखी तथा तीनों लोकों के रक्षक ॥ ६ ॥

त्रिनेत्रतनयो डिम्भः, शान्तः शान्त जनप्रियः ।
बटुको बहुवेषश्च, खट्वाङ्गवर धारकः ॥ ७ ॥

त्रिनेत्र तनय, डिम्भ, शान्त, शान्त जनप्रिय, बटुक, बहुवेश, खट्वाङ्गवरधारक (चारपाई के अङ्गों को धारण करने वाले) ॥ ७ ॥

भूताध्यक्षः पशुपतिर्भिक्षुकः परिचारकः ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

धूर्तो दिगम्बरः शूरोः हरिणः पाण्डुलोचनः ॥ ८ ॥

भूतों के अध्यक्ष (भूतनाथ), पशुपति, भिक्षुक, परिचारक (सेवा करने वाले), धूर्त, दिगम्बर, शर, हरिण पाण्डुलोंचन (पीले नेत्र) ॥८॥

प्रशान्तः शान्तिदः सिद्धः, शङ्करः प्रियबान्धवः ।
अष्टमूर्तिर्निधीशश्च, ज्ञानचक्षु स्तपोमयः ॥ ९ ॥

प्रशान्त, शान्तिदाता, सिद्ध, शङ्कर, प्रिय बान्धव, अष्टमूर्ति, निधीश, ज्ञान चक्षु (ज्ञान नेत्र), तपोमय अर्थात् तपस्वी ॥ ९ ॥

अष्टाधारः षडाधारः सर्पयुक्तः शिखी सखः ।
भूधरो भूधराधीशो, भूपतिर्भूधरात्मजः ॥ १० ॥

अष्टाधार, षडाधार (आठों वसुओं के आधारभूत तथा छहों शास्त्रों के आधारभूत सर्पयुक्त), शिखी के मित्र, भूधर, भूधराधीश, भूपति, भूधरात्मज ॥ १० ॥

कंकालधारी मुण्डी च, नाग यज्ञोपवीतिकः ।
जृम्भणो मोहनः स्तम्भी, मारणः क्षोभणस्तथा ॥ ११ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कङ्कालधारी (कङ्कालों को धारण करने वाले), मुण्डी नाग, यज्ञोपवीती, जृम्भण, मोहन, स्तम्भन, मारण, क्षोभण आदि करने वाले ॥ ११ ॥

शुद्धो नीलांजन प्रख्यो दैत्यहा मुण्ड भूषितः ।
बलि भुग्बलि भुङ्गनाथो, बालोबाल पराक्रमः ॥ १२ ॥

शुद्ध नीलांजन के समान वपु वाले दैत्यहा (दैत्यों का हनन करने वाले) मुण्ड भूषित (मुण्डों की मालाओं को धारण करने वाले), बलिभुग् (यज्ञ की बलि को खाने वाले) बलिभुङ्गनाथ (बलि को खानेवाले के भी नाथ) बाल और बालपराक्रमी ।१२।

सर्वापत्तारणो दुर्गो दुष्ट भूत निषेवितः ।
कामी कलानिधिः कान्तः, कामिनीवश कृद्वशी ॥ १३ ॥

समस्त आपत्ति से छुटकारा दिलाने वाले, दुग (दुखहर) दुष्ट भूतों द्वारा सेव्यमान, कामी, कलानिधि, कान्त, कामिनियों को वश में करने वाले, वशी ॥ १३ ॥

सर्वसिद्धि प्रदोवैद्यः प्रभुर्विष्णुरितीवहि ।
अष्टोत्तर शतं नाम्ना, भैरवस्य महात्मना ॥ १४ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सर्वसिद्धिप्रद, वैद्य प्रभु विष्णु इत्यादि १०८ नाम महात्माओं द्वारा भैरव जी के कहे गये हैं ।। १४ ।।

मयाते कथितं देवि ! रहस्यं सर्वकामिकम् ।
य इदं पठते स्तोत्रं, नामाष्ट शत मुत्तमम् ॥ १५ ॥

मैंने हे देवि ! तुमसे यह समस्त कामनाओं की सिद्धि करने वाला रहस्य बताया । जो इस अत्यन्त उत्तम १०८ नामों के स्तोत्र को पढ़ता है ।। १५ ।।

न तस्य दुरितं किंचित्, न च भूत भयं तथा ।
न च मारी भयं तस्य, ग्रहराज भयं तथा ॥ १६ ॥

उस मनुष्य को किसी प्रकार का भी संकट नहीं हो सकता और न भूतों की बाधा ही उसे सताती है । उस मनुष्य को महामारी, भय तथा ग्रहराजों के भय नहीं घेरते हैं ।। १६ ।।

न शत्रुभ्यो भयं किंचित्, प्राप्नुयान्मानवः क्वचित् ।
पातकानां भयं नैव, य पठेत स्तोत्रमुत्तमम् ॥ १७ ॥

उसे न तो शत्रुओं से कोई भी भय होता है और जो इस उत्तम स्तोत्र का पाठ

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करता है उसे पापों का भय नहीं रहता अर्थात् उसके समस्त पाप क्षीण हो जाते हैं और वह व्यक्ति पुण्यात्मा कहलाता है ।। १७ ।।

मारी भये राजभये, तथा चौराग्निजे भये ।
औत्पातिके भये चैव, तथा दुःस्वप्नजेभये ॥ १८ ॥

महामारी के भय में, चोरों तथा अग्निजन्य भय में, उत्पातों उपद्रवों आदि के भय में, दुष्ट स्वप्न देखने के भय में ।। १८ ।।

बन्धने च तथा घोरे, पठेत्स्तोत्र मनुत्तमम् ।
सर्वं प्रशममायाति, भयं भैरव कीर्तनात् ॥ १९ ॥

बन्धन में तथा घोर भयों में जो व्यक्ति इस परम उत्कृष्ट स्तोत्र का पाठ करता है, उसको भैरव भगवान के कीर्तन की कृपा से सर्वत्र शान्ति मिलती है ।१९।

एकादश सहस्रं तु, पुरश्चरण मुच्यते ।
यस्त्रिसन्ध्यं पठेद्देवि:, सम्वत्सरमतन्द्रितः ॥२०॥

ग्यारह हजार बार इसका पुरश्चरण कहलाता है, हे देवी ! जो मनुष्य इस स्तोत्र

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

को तीनों सन्ध्याओं में पढ़ता है और वर्ष भर तक अतिन्द्रित [आलस्यहीन] होकर पाठ करता ॥ २० ॥

सिसिद्धिमाप्नुयादिष्टं, दुर्लभामपि मानवैः ।
षण्मासाद्भूमि कामास्तु, जपित्वा प्राप्नुयान्महीम् ॥ २१ ॥

वह अभीष्ट सिद्धि को जो कि दुर्लभ है उसे प्राप्त करता है, भूमि की कामना करने वाले छः महीने तक इस स्तोत्र को जप कर पृथ्वी को पाते हैं ॥२१॥

राजशत्रु विनाशार्थं, जपेन्मासाष्टकं यदि ।
रात्रौ वारत्रयं भृत्यो, राजानं वशमानयेत् ॥ २२ ॥

राज शत्रुओं के विनाश हेतु आठ मास तक यदि इसका पाठ किया जाय तो निश्चित ही राजशत्रु नष्ट हो जाता है और यदि कोई कर्मचारी राजा को वश में लाना चाहता है तो इस बटुक भैरव स्तोत्र का रात्रि में तीन बार पाठ करे ॥२२॥

धनार्थं च सुतार्थं च, दारार्थं यस्तु मानवः ।
पठेन्मासत्रयं देवि, वार मेकं तथा निशि ॥ २३ ॥

धन के लिए, सुत के लिए तथा स्त्री के लिए जो मनुष्य इस स्तोत्र को तीन मास

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तक हे देवि ! पाठ करता है तथा रात्रि में एक बार पाठ करता है उसे निश्चित ही धन, पुत्र और स्त्री आदि की प्राप्ति होती है ॥ २३ ॥

धन पुत्रांस्तथा दारान्, प्राप्नुयान्नात्र संशयः ।
एतत्स्तोत्रस्य पाठेन, सर्वान् कामानवाप्नुयात् ॥ २४ ॥

धन, पुत्र और स्त्रियों को निश्चित ही मनुष्य इस स्तोत्र के पाठ करने से प्राप्त कर लेता है, इसमें कोई संशय नहीं है, तथा अन्य समस्त कामनाओं की प्राप्ति इस पाठ के करने से हो जाती है ॥ २४ ॥

रोगी रोगात् प्रमुच्येत, देवि ! सद्यो न संशयः ।
निगडैश्चापि यो बद्धः, कारागृह निपातितः ॥ २५ ॥

रोगी रोग से छुटकारा पा जाता है, देवि ! इसमें बिल्कुल संशय नहीं है । शृङ्खलाओं से जो बांधा गया हो और कारागृह में बन्द पड़ा हो, उसे इसका पाठ करना चाहिये ॥ २५ ॥

शृङ्खला बन्धनं प्राप्तः पठेच्चेदं दिवा निशि ।
यान् यान् समीहस्ते कामांस्तांस्तान् प्राप्नोतिनिश्चितम् ॥ २६ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शृखला बन्धन को प्राप्त जो मनुष्य इस स्तोत्र का रात्रि और दिन दोनों में पाठ करता है व जिन जिन कामनाओं की कामना करता है उन उन कामनाओं को निश्चित ही प्राप्त करता है।

अप्रकाश्यमिदं गुह्यं, न देयं यस्य कस्यचित्।
सुकुलीनाय शान्ताय, ऋजवे वम्भ वर्जिते ॥ २७ ॥

इस स्तोत्र को गुप्त ही रखे किसी से प्रकाशित न करे और बिस किसी को भी यह न बतावे उक्त स्तोत्र सुकुलीन, शान्त और दम्भहीन यज्ञकर्ता को ही बतावे ॥२७॥

दद्यात् स्तोत्र मिदं पुण्यं, सर्वकाम फल प्रदम्।
इति श्रुत्वा ततो देवि, नामाष्ट शतमुत्तमम् ॥ २८ ॥

इस पुण्य स्तोत्र को जो कि समस्त कामनाओं के फल देने वाला है, १०८ नामों सहित सुनकर हे देवि ! ॥ २८ ॥

सन्तोषं परमं प्राप्य, भैरवस्य प्रसादतः।
भैरवस्य प्रसन्नाऽभूत, सर्वलोक महेश्वरी ॥ २९ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परम सन्तोष को भगवान भैरव के प्रमोद से प्राप्त होता है और सब लोक महेश्वरी भगवान भूतनाथ बटुक भैरव की कृपा से प्रसन्न हो जाती हैं ॥ २९ ॥

जजाप परया भक्त्या, सदा सर्वेश्वरेश्वरी ।
भैरवस्तु प्रहृष्टोऽभूत्, सर्वज्ञः परमेश्वरः ॥ ३० ॥

जो मनुष्य परम भक्ति से सर्वदा सर्वेश्वर की भी ईश्वरी को भजता है, जपता है, उससे भगवान सर्वज्ञ प्रसन्न हो जाते हैं ॥ ३० ॥

इति श्री रुद्राय मलतंत्रे आपदुद्धारण बटुकभैरवस्तोत्र श्री बसन्तलाल 'व्यास' शास्त्रिणा भाषाटीकया टीकितं सामाप्त मितिशुभम् भूयात् ॥

❁ अथ मन्त्रः ❁

ॐ ह्रीं बटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु बटुकाय ह्रीं

॥ ॐ नमः शिवायः ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हमारे यहां मिलने वाली अन्य धार्मिक पुस्तकें

वार्षिक ब्रत पूजा पद्धति
नामकर्म पद्धति
ब्रतबन्ध पद्धति
विवाह पद्धति
शिव पूजा रुद्री सहित
प्रेत मजरी
श्राद्ध पद्धति
श्रावणी उपाकर्म
तपण प्रयोग
सध्या

संकल्प पद्धति
सत्यनारायण ब्रत कथा (पहाड़ी भाषा में)
नारी भजनावली
(कर्मकाण्ड सम्बन्धी गाने की पुस्तक)
आरती संग्रह
हरि कीर्तन भजनावली
कुमाऊँनी होली संग्रह
कुमाऊँनी बैठ होली संग्रह
दुर्गा शप्तसती
भगवत गीता

वटुक भैरव पद्धति
रामलीला नाटक (अल्मोड़ा)
रामलीला नाटक (भीमताली)
पंचांग रामदत्त जी
पंचांग भास्करानन्द लोहनी
पंचांग गरुड़ ध्वज जोशी
जन्माष्टमी पट्टा
जीवमात्र पट्टा
गंगा दशहरा द्वार पत्र

कूर्मांचलीय विवाह के मुकुटों के विक्रेता

(नोट– पुस्तकें मगाने से पहले २५/- रु० अग्रिम भेजें)

पं० गोपाल दत्त जोशी, बुक सेलर

चौक बाजार, अल्मोड़ा (उत्तरांचल)

मुद्रक : श्री गोपाल प्रिंटिंग प्रेस, चीनाखान, अल्मोड़ा । 33879

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh